प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 सोमवार** **दिनांक 02.02.2026**

**<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>**

**और अब पेश है आज के मुख्य समाचारः–**

1– राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सात फरवरी को जगदलपुर में 'बस्तर पंडुम' महोत्सव का करेंगी उद्घाटन।

2– रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव ने बताया कि धनकुनी–सूरत फ्रेट कॉरीडोर के बनने से छत्तीसगढ़ सहित कई राज्यों के उद्योग क्षेत्र में आएगी आर्थिक क्रांति।

3– केन्द्रीय मंत्री मनसुख मांडविया ने आज नई दिल्ली में 'माई भारत बजट क्वेस्ट–दो हजार छब्बीस का किया शुभारंभ।

4– आईसीएआर के महानिदेशक ने किसानों की आय में बढ़ोतरी के लिए बाजारोन्मुख कृषि, मूल्य संवर्धन, ब्रांडिंग और व्यावसायीकरण पर दिया बल।

---

**<u>राष्ट्रपति–छत्तीसगढ़ दौरा</u>**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सात फरवरी को एक दिवसीय दौरे पर जगदलपुर आएंगी। इस मौके पर वे 'बस्तर पंडुम' महोत्सव का उद्घाटन करेंगी। राष्ट्रपति जगदलपुर के लालबाग मैदान में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करेंगी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार श्रीमती मुर्मु महोत्सव स्थल पर लगाए गए विभिन्न प्रदर्शनी स्टॉलों का निरीक्षण कर पारंपरिक हस्तशिल्प, जनजातीय कलाओं, लोक वेशभूषा और स्थानीय उत्पादों को लेकर शिल्पकारों से बातचीत भी करेंगी। इसके बाद इसी दिन राष्ट्रपति जगदलपुर से रायपुर होकर नई दिल्ली के लिए प्रस्थान करेंगी।

बस्तर पंडुम महोत्सव में राज्यपाल रमेन डेका और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भी मौजूद रहेंगे।

---

## छत्तीसगढ़ बजट–प्रावधान

केन्द्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा कल प्रस्तुत किए गए केन्द्रीय बजट में छत्तीसगढ़ के लिए कर हस्तांतरण, अनुदान और पूंजीगत सहायता के रूप में कई वित्तीय प्रावधान प्रस्तावित किए गए हैं। उम्मीद जताई जा रही है कि इससे राज्य के बुनियादी ढांचे, कनेक्टिविटी और सामाजिक क्षेत्रों में विकास को नई गति मिलेगी।

बजट प्रावधानों के अनुसार राज्य के लिए पचास हजार चार सौ सत्ताईस करोड़ रूपए का कर हस्तांतरण प्रस्तावित है। वहीं, वित्त वर्ष दो हजार पच्चीस–छब्बीस के लिए पन्द्रह हजार करोड़ रूपए का अनुदान निर्धारित किया गया है। इसी तरह, पूंजीगत व्यय को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ को पचास वर्षों की अवधि के लिए ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध कराया गया है। इसके तहत वर्ष दो हजार बीस–इक्कीस से जनवरी दो हजार छब्बीस तक राज्य को कुल नौ हजार चार सौ उनसठ करोड़ रूपए सहायता प्रदान की गई है।

रेलवे क्षेत्र के विस्तार के लिए भी वर्तमान में छत्तीसगढ़ में पच्चीस नई रेल परियोजनाओं का कार्य प्रगति में हैं। वहीं, बत्तीस रेलवे स्टेशनों को अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत आधुनिक बनाया जा रहा है। सड़कों की विकास की बात करे तो प्रदेश में भारतमाला परियोजना के तहत रायपुर–विशाखापट्टनम और दुर्ग–रायपुर–आरंग ग्रीन फील्ड कॉरिडोर का निर्माण कार्य चल रहा है। इसके अलावा रायपुर–रांची राष्ट्रीय उच्च गति कॉरीडोर के तहत पत्थलगांव–गुमला चार रेलखंड को भी मंजूरी दी गई है।

इसी तरह, हवाई संपर्क के क्षेत्र में उड़ान के तहत अंबिकापुर, जगदलपुर और बिलासपुर हवाई अड्डों का संचालन शुरू करने के साथ ही कई अन्य कार्य प्रगति पर है। बजट में स्वास्थ्य और जनकल्याणकारी योजनाओं को भी प्रभावी रूप से लागू करने का प्रावधान है।

---

## रेल मंत्री–पत्रकारवार्ता

रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव ने बताया है कि धनकुनी–सूरत फ्रेट कॉरीडोर के बनने से आने वाले दिनों में छत्तीसगढ़ सहित कई अन्य राज्यों के उद्योग क्षेत्र में आर्थिक क्रांति आएगी।

राज्यवार बजट पर वचुर्अल रूप से मीडिया से चर्चा करते हुए श्री वैष्णव ने बताया कि इस बार के बजट में छत्तीसगढ़ के लिए सात हजार चार सौ सत्तर करोड़ रूपए की रिकॉर्ड राशि का प्रावधान किया गया है।

रायपुर के रेल मंडल प्रबंधक दयानंद ने रेलमंत्री द्वारा बजट पर दी गई जानकारी को लेकर बताया कि बजट का फोकस इस बार आधारभूत संरचनाओं का विकास रहा। उन्होंने बताया कि धनकुनी–सूरत फ्रेट कॉरीडोर के जरिए पोर्ट से कनेक्टिीविटी का फायदा छत्तीसगढ़ को भी मिलेगा।

---------------------------------------------------------------------

**माई भारत बजट क्वेस्ट**

केन्द्रीय युवा कार्य और खेलमंत्री मनसुख मांडविया ने आज नई दिल्ली में 'माई भारत बजट क्वेस्ट–दो हजार छब्बीस का शुभारंभ किया। इस राष्ट्रव्यापी युवा–केंद्रित पहल का उद्देश्य देश के युवाओं को केंद्रीय बजट की बेहतर समझ प्रदान करना, बजटीय प्रावधानों को अधिक सुलभ, प्रासंगिक और नागरिक–केंद्रित बनाना है।

डॉक्टर मांडविया ने बताया कि प्रतियोगिता का पहला चरण 'माई भारत' पोर्टल पर पंजीकृत युवाओं के लिए सत्रह फरवरी तक खुला रहेगा। इसके बाद सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले युवाओं को सत्रह फरवरी से तीन मार्च तक चलने वाले दूसरे चरण की स्पर्धा में शामिल होने का मौका मिलेगा। प्रतियोगिता की योग्यता सूची दस मार्च को घोषित की जाएगी और विजेताओं को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ संवाद करने का अवसर मिलेगा।

---------------------------------------------------------------------

**कृषि महानिदेशक–दौरा**

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के महानिदेशक डॉक्टर एम. एल. जाट ने किसानों की आय में बढ़ोतरी के लिए बाजारोन्मुख कृषि, मूल्य संवर्धन, ब्रांडिंग और व्यावसायीकरण पर बल दिया है। रायपुर प्रवास के दौरान डॉक्टर जाट ने इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के उत्पाद विक्रय काउंटर का दौरा कर विभिन्न कृषि उत्पादों, तकनीकों और मूल्य संवर्धित वस्तुओं का अवलोकन किया। उन्होंने कृषि विश्वविद्यालय की इस पहल की सराहना की और वैज्ञानिकों, कृषि उद्यमियों तथा कृषि विज्ञान केंद्रों के प्रतिनिधियों से बातचीत की।

---

**कांग्रेस–प्रेसवार्ता**

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने राज्य में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की समय–सीमा पन्द्रह दिनों के लिए बढ़ाने की मांग की है। रायपुर में एक पत्रकारवार्ता में श्री बैज ने बताया कि प्रदेश में समर्थन मूल्य पर धान बेचने के लिए सत्ताईस लाख किसानों ने अपना पंजीयन कराया था, लेकिन करीब ढाई लाख किसान अभी भी अपना धान नहीं बेच पाए हैं। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने एक सौ पैंसठ लाख मीटरिक टन धान खरीदी का लक्ष्य रखा था, लेकिन धान खरीदी के लिए नियत तिथि तक एक सौ उनचास लाख पच्यासी हजार मीटरिक टन धान की खरीदी ही की गई। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की गलत की नीतियों की वजह से राज्य में किसान परेशान है।

---

**गरियाबंद–हिंसा**

गरियाबंद जिले के दुतकैया गांव में बीती रात को हुई हिंसा के बाद अब स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है। पुलिस और प्रशासन ने गांव को छावनी में तब्दील कर दिया है और बड़ी संख्या में जवानों की तैनाती की गई है।

गरियाबंद जिले के पुलिस अधीक्षक वेदव्रत सिरमौर ने कहा है कि किसी भी तरह की अप्रिय घटना न हो, इसे ध्यान में रखते हुए लगातार स्थिति पर नजर रखी जा रही है। इस मामले के मुख्य आरोपी सहित तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है। वहीं, घटना में शामिल अन्य लोगों की तलाश जारी है।

गौरतलब है कि गांव में पिछले वर्ष एक मंदिर में तोड़फोड़ के मामले में ग्रामीणों की शिकायत पर एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया था, जिसने जेल से छूटने के बाद कल अपने अन्य साथियों के साथ शिकायत करने वाले लोगों से मारपीट की। इससे स्थानीय ग्रामीण नाराज हो गए और उन्होंने आरोपियों के घरों में तोड़फोड़ और आगजनी की। स्थिति संभालने मौके पर पहुंचे चार पुलिसकर्मी भी घायल हो गए हैं। इस पूरे मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

---------------------------------------------------------------------

**राजिम कुंभ–राज्यपाल**

त्रिवेणी संगम राजिम के पावन तट पर कल से राजिम कुंभ कल्प मेला शुरू हो गया है। शुभारंभ अवसर पर राज्यपाल रमेन डेका ने कहा कि यह समारोह राज्य के समृद्ध सांस्कृतिक और धार्मिक धरोहर का प्रतीक है।

शुभारंभ कार्यक्रम में संस्कृति और पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल ने कहा कि राजिम कुंभ कल्प पर्व हमारी सांस्कृतिक उत्सव परंपरा और लोक संस्कृति का जीवंत उत्सव है, जो समाज के मूल्यों को और अधिक प्रगाढ़ बनाता है।

वहीं, रतनपुर में माघी पूर्णिमा और आदिवासी विकास मेला कल से शुरू हुआ है। उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने आयोजन के शुभारंभ कार्यक्रम में ऑडिटोरियम निर्माण के लिए दो करोड़ रुपए और नगर पालिका भवन में बाउंड्रीवाल के लिए बीस लाख रुपए देने की घोषणा की।

---------------------------------------------------------------------

**रंग महोत्सव**

रायपुर में पच्चीसवें भारत रंग महोत्सव का कल से शुभारंभ होगा। यह महोत्सव आठ फरवरी तक रायपुर स्थित दीन दयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम, में आयोजित किया जाएगा। राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय के तत्वधान में होने वाले इस महोत्सव में देश के विभिन्न राज्यों से आए प्रतिष्ठित रंगमंच समूह अपनी प्रस्तुतियां देंगे। कल शुभारंभ अवसर पर बाबा नागार्जुन के उपन्यास पर आधारित नाटक पारों का मंचन किया जाएगा।

--------------------------------------------------------------------

## बजट–विशेष कार्यक्रम

आकाशवाणी केंद्र रायपुर द्वारा केंद्रीय बजट पर विशेष कार्यक्रम का प्रसारण आज रात नौ बजकर पन्द्रह मिनट पर किया जाएगा। यह कार्यक्रम अपलिंक पर उपलब्ध रहेगा और इसका प्रसारण छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केंद्रों से किया जाएगा।

## मौसम

**और अब पेश है मौसम का हाल...**

प्रदेश में ठंड अब धीरे–धीरे कम होने लगी है। दिन के तापमान में बढ़ोतरी के कारण दोपहर के समय गर्मी महसूस की जा रही है और मौसम शुष्क बना हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार अगले पांच दिनों तक तापमान में विशेष बदलाव की संभावना नहीं है, जिससे आने वाले समय में ठंड में कमी आएगी।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>